# प्रमुख उद्योगों की उत्पादन वृद्धि मार्च में 5.2% रही



नई दिल्ली, एजेंसी। इस वर्ष मार्च माह में मुख्य रूप से सीमेंट, कोयला, बिजली और इस्पात उद्योग के अच्छे प्रदर्शन के साथ देश के बुनियादी क्षेत्र के आठ प्रमुख उद्योगों की उत्पादन वृद्धि आलोच्य माह में एक साल पहले की तुलना में 5.2 प्रतिशत ऊंची रही।

इसके बावजूद यह वृद्धि दर पिछले माह की तुलना में कम रही। फरवरी में बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि दर सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत थी। वर्ष

- सीमेंट, कोयला, बिजली उद्योग का अच्छा प्रदर्शन
- यह वृद्धि दर पिछले माह की तुलना में कम रही

2023-24 में बुनियादी उद्योगों की संचयी उत्पादन वृद्धि वार्षिक आधार पर 7.5 प्रतिशत रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 में सीमेंट, कोयला, बिजली, प्राकृतिक गैस, इस्पात और कच्चे तेल का उत्पादन एक वर्ष पहले इसी माह की तुलना में ऊंचा रहा।